एक नजर

प्रेम और भक्ति का प्रतीक है श्रीकृष्ण रूक्मणी विवाह

हरदा नगर के श्री अड्डे वाले बालाजी मंदिर, कच्छ कड़वा धर्मशाला के पीछे, पुरानी गल्ला मंडी स्थित कथा पंडाल में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के षष्ठम दिवस पर भक्ति, प्रेम और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण और देवी रुक्मिणी के पावन विवाह प्रसंग का भावविभोर होकर श्रवण एवं दर्शन किया। कथाव्यास पं. विद्याधर उपाध्याय ने षष्ठम दिवस की कथा में श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह की दिव्य कथा का अत्यंत सरस, भावपूर्ण एवं ओजस्वी वर्णन किया। उन्होंने बताया कि यह विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि प्रेम, भक्ति, धर्म और मर्यादा का पवित्र संगम है। रुक्मिणी का भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अटूट प्रेम और प्रभु का भक्त की पुकार पर स्वयं पहुंचना, भक्ति की पराकाष्ठा को दर्शाता है। कथा के दौरान विवाह प्रसंग का सजीव मंचन किया गया, जिसमें एक बालक को भगवान श्रीकृष्ण और एक बालिका को देवी रुक्मणी के रूप में सुसज्जित कर विवाह की लीला प्रस्तुत की गई। विवाह की रस्में प्रारंभ होते ही पूरा कथा पंडाल मंगल वातावरण में परिवर्तित हो गया। इसी दौरान मंच से आओ मेरी सखियां मुझे आए सजा दो, मुझे श्याम सुंदर की दुल्हन बना दो जैसे मधुर विवाह गीत गाए गए।

न्यास में भी घट सकती है इंदौर जैसी घटना

वर्ष 1995 में भी गंदे पानी की वजह से फैला था हैजा, जिसमें हुई थीं 3 मौतें

नवभारत न्यूज

इटारसी, 02 जनवरी पिछले 30 वर्षों से न्यास कालोनी में गंदे पानी की शिकायत का समाधान निकालने में नगरपालिका प्रशासन पीछे हट रहा है. इंदौर की घटना के बाद भी प्रशासन सबक लेने को तैयार नहीं है. नपा अध्यक्ष पंकज चौरे आश्वासन देते चले आ रहे हैं कि हम जलावर्धन योजना की पाईप लाईन को चालू कराकर न्यास वालों को गंदे पानी की शिकायत से निजात दिलाने की गारंटी देते हैं.

तीस वर्ष पूर्व फैला था हैजा जिसमें तीन बच्चों की हुई थी मौत – नगरपालिका प्रशासन के एकमात्र न्यास कालोनी क्षेत्र है जो सबसे ज्यादा राजस्व नपा प्रशासन को देता है पर उसकी सुविधा के लिये प्रशासन क्यों रूचि नहीं लेता, यह सोचनीय विषय है. बताया जाता है कि, सन 1995 में तात्कालीक अध्यक्ष अनिल अवस्थी के कार्यकाल में न्यास के ईडब्ल्युएस क्षेत्र में हैजा फैला था. उसमें में भी 3 बच्चों की मौत होने के बाद प्रशासन जागा था. प्रशासन ने एक नगरपालिका कर्मचारी को सस्पेंड कर अपनी कार्यवाही पूर्ण कर ली थी.

शिकायतों का अंबार – न्यास कालोनी

वासी नपा प्रशासन को हमेशा गंदे पानी की शिकायत करते नजर आ रहे हैं लेकिन प्रशासन उन्हें झूठा आश्वासन देकर शांत कर देता है. अनेक व्यक्तियों ने गंदे पानी की शिकायत की है. जिसमें जिसने शिकायत की उसके घर के सामने जल विभाग पाईप लाईन ठीक करने के नाम पर गडढा कर जाता है और यह गडढा एक दो महीने तक वैसा ही पडा रहता है नगरपालिका क लोग आकर हाजिरी लगा देते हैं कि आप ही बताएं कि ये गंदा पानी कहां से आ रहा है. ऐसी स्थिति में नागरिक परेशान है और प्रशासन उन्हें कोई निजात दिलाने में फेल नजर आ रहा है.

प्रशासन होगा जबावदार – श्याम सोनी

नागरिक श्याम सोनी का कहना है कि इंदौर की घटना के बाद भी प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है यदि न्यास में जल प्रदाय व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो यहां इंदौर से भी अधिक बडी घटना घट सकती है. यदि शिकायत का निराकरण नहीं किया तो हम सब नागरिक मिलकर जनआंदोलन की राह पकड लेंगे.

वहीं एक अन्य निवासी **सुशीला चौधरी** ने बताया कि नपा प्रशासन के पास हमारे द्वारा गंदे पानी की शिकायत करना नियति बन चुका है लेकिन प्रशासन हमारी ओर ध्यान नहीं दे रहा है जब कोई बडी घटना घटेगी तो क्या प्रशासन इसकी जबावदारी लेगा

नगरपालिका प्रशासन आंखें मूंदकर बैठा है – धर्मवीर सैनी

पूर्व पार्षद धर्मवीर सैनी ने बताया कि सन 1995 में ईडब्लयुएस क्षेत्र में पीने के पानी से हैजा फैला हुआ था. इसका कारण वह यह मानते हैं कि न्यास में पीने के पानी की लाईन और सीवर लाईन का कनेक्शन एक हो गया है. नगरपालिका प्रशासन इसे गंभीरता से नहीं ले रही है. क्योंकि इसमें पीने के पानी की पाईप लाईन अलग से बिछायी जाए या फिर सीवर लाईन को अलग करना नपा प्रशासन के बजट से बाहर है. वैसे ही नगरपालिका की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है. वे कैसे इस समस्या से निजात दिलाएंगे. श्री सैनी ने बताया कि गंदे पानी की शिकायत का निराकरण एक सप्ताह के अंदर नहीं किया तो न्यास कालोनी वासी एक आंदोलन करने हेतु बाध्य होंगे.

जलावर्धन योजना की पाइप लाइन से न्यास वासियों को दिया जाएगा पेयजल – पंकज चौरे

हमारे द्वारा ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया है वह आकर नई पाईप लाईन में कनेक्शन कर दे. तो यह समस्या हल हो जाएगी.

रुद्राक्ष वितरण के साथ दिव्य आयोजन संपन्न

नवभारत न्यूज

इटारसी, 02 जनवरी अभिमन्यु बस्ती स्थित वृंदावन गार्डन में आयोजित हिंदू सम्मेलन का आयोजन अत्यंत भव्य, सफल एवं दिव्य वातावरण में संपन्न हुआ। सम्मेलन के अंतर्गत संगीतमय दिव्य महारुद्राभिषेक, नर्मदा अष्टक, नर्मदा आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। पूरे आयोजन स्थल पर भक्ति, अनुशासन और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम देखने को मिला। सम्मेलन की शुरुआत सुबह कलश एवं शोभा यात्रा से हुई, जिसमें मातृशक्ति, युवा एवं धर्मप्रेमी नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। जयघोष, भजन-कीर्तन और ढोल-नगाड़ों के साथ निकली शोभा यात्रा ने नगर को भक्तिमय वातावरण से भर दिया। दोपहर को नर्मदा अंचल के प्रसिद्ध

आचार्य पंडित सोमेश परसाई के द्वारा दिव्य महारुद्राभिषेक, नर्मदा अष्टक व नर्मदा आरती, सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए आयोजित

आचार्य पंडित सोमेश परसाई के सान्निध्य में विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दिव्य महारुद्राभिषेक संपन्न कराया गया। अनुष्ठान के दौरान शिव भक्ति और मंत्रों की गूंज से पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। महारुद्राभिषेक के पश्चात नर्मदा अष्टक पाठ, नर्मदा आरती तथा अनुष्ठान में पूजित पवित्र रुद्राक्षों का वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने इसे दुर्लभ और पुण्यदायी अवसर बताया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता ज्ञानराव जी बर्डे ने सनातन संस्कृति, सामाजिक एकता एवं राष्ट्र निर्माण पर अपने विचार रखे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नर्मदापुरम विभाग प्रचारक नरेंद्र यादव उपस्थित रहे। नगर स्तर पर आयोजन को सफल बनाने में नगर संयोजक पंकज मनी पहाड़िया, मेधा तिवारी, छविराज सोनी, कार्यक्रम सहसंयोजक अभिषेक तिवारी एवं भारती मंजीत क्लोसिया की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम में वाल्मीकि समाज के उप पटेल रमेश महोरिया, मुन्नीबाई यादव, प्रतिभा शर्मा सहित समाजजनों अतिथिस्वरूप उपस्थित रहे। वहीं समिति सदस्य देवेंद्र उपाध्याय, तेज सिंह राजपूत एवं कैलाश रैकवार सहयोगी के रूप में व्यवस्थाओं में जुटे रहे। यजमानों के रूप में पार्षद अमृता मनीष ठाकुर व मनीष ठाकुर इस दिव्य आयोजन के यजमान पार्षद अमृता मनीष ठाकुर एवं मनीष ठाकुर रहे। उनके समर्पण एवं नेतृत्व से कार्यक्रम शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और अत्यंत सफल रहा।

बुजुर्गों, बीमार लोगों को डाक्टर बताकर पैसे ऐंठने वाले धराए

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम। शहर की देहात थाना पुलिस ने बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को अपनी बातों में फंसाकर ठगने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह को दबोचा है। यह गिरोह खुद को डॉक्टर बताकर लाइलाज बीमारियों को ठीक करने का झांसा देता था और क्यूआर कोड के माध्यम से पैसे ऐंठकर फरार हो जाता था।

ठगी का तरीका – गिरोह मुख्य रूप से 50 वर्ष से अधिक उम्र के बीमार व्यक्तियों को निशाना बनाता था। आरोपी पहले खुद को परिचित बताकर विश्वास जीतते थे, फिर एक विशेषज्ञ डॉक्टर (कथित डॉ. कुणाल पटेल) से मिलवाने का झांसा देते थे। मरीज को अपनी महंगी दवाइयों का डेमो दिखाकर भरोसे में लेते और फिर क्यूआर कोड के जरिए लाखों रुपये ट्रांसफर करवा लेते थे। पैसा मिलते ही आरोपी अपने मोबाइल फेंक कर राज्य बदल देते थे।

इनकी हुई गिरफ्तारी

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और बैंक खातों की जांच के आधार पर राजस्थान के बूंदी जिले के दो आरोपियों, मोहम्मद अली और मोहम्मद अल्ताफ को गिरफ्तार किया है। इनका एक साथी अभी फरार है।

श्रद्धा और विश्वास आपस में मिलते हैं तब रामकथा का प्रवाह होता है

माखननगर – माता पार्वती श्रद्धा और भगवान शंकर विश्वास है ,जब श्रद्धा और विश्वास आपस में मिलते हैं तभी राम कथा रूपी गंगा का प्रवाह होता है। उक्त उद्गार ग्राम सांगा खेड़ा खुर्द में चल रही राम कथा मैं व्यास पीठ से राष्ट्रीय संत कासनी बालयोगी ब्रह्मानंद महाराज ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि राम कथा गुणों की खान है जिसके मंथन से समाज को सदैव नई दिशा प्राप्त होते रहती है,उन्होंने कहा कि मां जिस प्रकार काम करते हुए अपने बच्चों का सदैव ध्यान रखती है भले ही हमारा ध्यान उनसे भटक जाए हम ईश्वर को याद रखेंगे तो हम सद मार्ग से चलते हुए इस जीवन में ही मोक्ष को प्राप्त कर लेंगे ।

दो महीने से गहराए बिजली संकट ने ग्रामीणों और किसानों के सब्र का तोड़ा बांध

नवभारत न्यूज

इटारसी, 02 जनवरी मध्य प्रदेश के ब्लॉक केसला के अंतर्गत आने वाले दर्जनों गांवों में पिछले दो महीनों से गहराते बिजली संकट ने ग्रामीणों और किसानों के सब्र का बांध तोड़ दिया है। हमारा गांव संगठन के बैनर तले ग्रामीणों ने कनिष्ठ अभियंता को पत्र सौंपकर आगामी तीन दिनों के भीतर समस्या का समाधान न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले 60 दिनों से क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं हो रही है। इस बिजली कटौती का सीधा असर क्षेत्रों पर पड़ रहा है। सिंचाई के अभाव में किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं। बोर्ड परीक्षाओं और पढ़ाई के समय बिजली न होने से छात्रों का भविष्य दांव पर लगा है। बिजली विभाग के प्रति ग्रामीणों में भारी नाराजी देखी जा रही है। बिजली की समस्या से प्रभावित होने वाले मुख्य गांवों में भोबदा, साधपुरा, पिपरिया, सारादेह, कोहदा, लालपानी, रांझी, भातना, चांदकिया, खोहरा, चिचवानी और छितापुरा सहित आसपास के दर्जनों गांव शामिल हैं। हमारा गांव संगठन ने स्पष्ट किया है कि यदि 3 दिनों के भीतर बिजली आपूर्ति सामान्य नहीं की गई, तो समस्त ग्रामवासी और किसान मजबूर होकर बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे।

सेना में चयनित युवाओं का किया सम्मान

पिपरिया सेना में चयनित संकल्प फाउंडेशन के विद्यार्थियों को समाज सेवियों मातृशक्तियों एवं पूर्व सैनिको ने स्मृति चिंह भेंट कर सम्मानित किया। पचमढी रोड पर स्थित निःशुल्क क्लासेज से भारतीय सेना में अग्नि वीर के रूप में चयनित संकल्प फाउंडेशन के विद्यार्थियों सौरभ रघुवंशी निवासी ग्राम सांगई,आदित्य रघुवंशी निवासी सोहागपुर का समाज सेवी दर्शना पटेल,माहेश्वरी महिला मंडल की मीडिया प्रभारी अंजू अजय घुरका,स्वर्णकार महिला मंडल की प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता सोनी,समाजसेवी मीना अग्रवाल के द्वारा चयनित युवाओं को स्मृति चिंह भेंट कर सम्मानित किया व शुभकामनाऐ दी।

अवैध शराब बिक्री विरोध पर यदुवंशी समाज के व्यक्ति को धमकी

नवभारत न्यूज

सिवनी मालवा 02 जनवरी सिवनी मालवा में अवैध शराब बिक्री का विरोध करने वाले यदुवंशी समाज के युवक को जान से मारने की धमकी मिली है जिससे युवक भयभीत है। मध्यप्रदेश यदुवंशी (जादम) समाज परिषद, युवा संगठन द्वारा लगातार आवाज उठाने के कारण समाज के एक व्यक्ति को जान से मारने की धमकी मिली। धमकी दिए जाने के वाद यदुवंशी समाज संगठन के लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष नरहरि यदुवंशी के नेतृत्व में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। थाना प्रभारी से भी शिकायत की। पुलिस ने थाने में शिकायत पर मामला दर्ज किया। प्रदेश अध्यक्ष नरहरि यदुवंशी सहित यदुवंशी समाज के लोगों ने बताया कि यदुवंशी समाज द्वारा पूर्व में भी अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे गए थे। इसी कड़ी में अवैध शराब माफिया से जुड़े व्यक्ति ने समाज के सदस्य सतीश कुमार यदुवंशी को फोन पर मां बहन की गंदी-गंदी गालियां दी तथा विरोध जारी रखने पर जान से मारने की धमकी दी। अवैध शराब बिक्री के खिलाफ आवाज उठाने वालों को डराने-धमकाने का यह प्रयास गंभीर अपराध है।

पीएचई ने पाइप लाइन का मेटेंनेंस कार्य किया शुरू

पिपरिया महाशिवरात्रि मेले को देखते हुए पीएचई ने पाइप लाइन का मेटेंनेंश का कार्य शुरू कर दिया है। एसडीएम आकिप खान के निर्देश पर पीएचई के एसडीओ रवि केलवा व उपयंत्र प्रफुल्ल लोखंडे की टीम द्वारा बडा महादेव से चौरागढ तक पाइप लाइन को देख मेटेंनेंश का कार्य किया जा रहा है। चौरागढ पर पीला पानी आने की समस्या जानकारी में आते ही संपूर्ण पाइप लाइन की सफाई,टंकी की सफाई,लिकेज रिपेयर कर मोटरपंप मेटेंनेंश आदि कार्य किये जा रहे है। पाइप लाइन की केमिकल वाशिंग भी की जा रही है।

हिन्दुओं को जोड़ने होगा विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन

नवभारत न्यूज

हरदा, 02 जनवरी हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा 10 जनवरी को ग्राम गहाल में होगा भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन इसके निमित्त आज हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा भूमि पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें गहाल धुरगाढ़ा कनारदा खारपा के समाजजन वरिष्ठ जन उपस्थित रहे । भूमि पूजन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि आज के समय पर हिंदुओं को एकजुट करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता है निकट के ही देश पाकिस्तान बांग्लादेश में और भारत में भी कई स्थानों पर हिंदुओं के साथ दुराचार हो रहे हैं, हिंदुओं को संकट का सामना करना पड़ रहा है हिंदू जाति अपने गौरव को पहचाने और भारत के लिए कार्य करें यही आज की आवश्यकता है। सामाजिक समरसता कुटुंब प्रबोधन नागरिक कर्तव्य पर्यावरण संरक्षण शाखा दिशा इन पांच परिवर्तनों के आधार पर राम राज्य की कल्पना

सरकार होगी इसलिए यह हिंदू सम्मेलन स्वर्णिम भारत की नीव में महत्वपूर्ण कदम होगा आयोजन समिति ने सभी समाज जनों से हिंदू सम्मेलन में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

सरकार का दावा फेल किसानों का हो रहा शोषण

हरदा, जिले में किसान त्रस्त है कुछ दिन पहले ही सरकार ने बड़े बड़े दावे किए थे की 1 जनवरी 2026 से किसानों को यूरिया खाद एवं डी ए पी खाद घर भेजा जाएगा किसान घर से ही ई टोकन जनरेट कर लेगा कल जब किसानों मंडी में हंगाम किया था और जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन साईं ने जिला कलेक्टर और संबंधित अधिकारियो से बात कर किसानों को 270 टोकन दिलवाए थे उसमें से 230 किसानों को खाद दिया गया है बाकी किसानों को निराशा हाथ लगी है कल जिला कलेक्टर ने और डी डी ए जे एल कास्डे डी एम ओ योगेश मालवीय द्वारा कहा गया था की खाद पर्याप्त है और एक रेंग और लग चुकी है और कल से किसानों को घर बैठे ई टोकन जनरेट करने के बाद खाद आसानी से मिल जाएगी लेकिन एक भी किसान की ई टोकन जनरेट नहीं हुई है.

युवक की हत्या की गुत्थी सुलझी

मुख्य आरोपी को शक था कि चंदन के परिवार द्वारा किए गए 'जादू-टोने' के कारण उसकी मां की मृत्यु हुई थी

नवभारत न्यूज

माखन नगर, माखन नगर पुलिस ने लापता युवक चंदन नागवंशी की हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए उसके चार दोस्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि मुख्य आरोपी को शक था कि चंदन के परिवार द्वारा किए गए 'जादू-टोने' के कारण उसकी मां की मृत्यु हुई थी, जिसका बदला लेने के लिए उसने इस वारदात को अंजाम दिया। 23 दिसंबर 2025 को चंदन अपनी मोटरसाइकिल लेकर निकला था और वापस नहीं लौटा। मुख्य आरोपी सुशील नागवंशी की मां की मृत्यु 29 नवंबर 2025 को हुई थी। उसे शक था कि पड़ोसियों ने झाड़-फूंक कराई है, जिससे वह बदला लेना चाहता था।

साजिश और वारदात

आरोपियों ने चंदन को पार्टी के बहाने बुलाया और शराब पिलाने के बाद सिर पर पत्थर मारकर उसकी हत्या कर दी। साक्ष्य छुपाने के लिए आरोपियों ने मृतक के शव और मोटरसाइकिल को बुधनी के मिडघाट जंगल में पेट्रोल डालकर जला दिया। सीसीटीवी फुटेज और संदिग्धों से कड़ी पूछताछ के बाद पुलिस ने दो बालिग और दो विधि विरुद्ध बालकों को गिरफ्तार किया है।

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आजाद खान पिता मेहमूद खान इतवारा बाजार मदीना मस्जिद के पास पिपरिया जिला नर्मदापुरम का निवासी हूं मेरे आधार कार्ड क्रमांक 340746056984 एवं पैन कार्ड क्रमांक IJPK3097F में मेरा नाम आजाद खान पिता मेहमूद खान है त्रुटि बस एसबीआई खाता क्रमांक 33843842138 में एजाज खान हो गया है कृपया कर एसबीआई खाता में भी आजाद खान पिता मेहमूद खान किया जाए इस संबंध में मेरे द्वारा आज दिनांक को जाहिर सूचना जारी की जा रही है जिसमें किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मुझे इस पते पर संपर्क करें।

आजाद खान पिता मेहमूद खान
इतवारा बाजार मदीना मस्जिद के पास पिपरिया
जिला नर्मदापुरम मप्र मो, 9893299786

नगर कांग्रेस ने विजयवर्गीय का विरोध कर किया प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

इटारसी, 02 जनवरी नगर कांग्रेस सेवादल द्वारा मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का विरोध प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्त किया और अर्थी निकाली, इंदौर मे दूषित पानी से हुए मृत आत्माओं को दी श्रद्धांजलि. मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवा दल यंग ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष गजानंद तिवारी के निर्देश पर पूरे प्रदेश सहित इटारसी में भी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ सेवादल नगर अध्यक्ष दिलीप गोस्वामी के नेतृत्व में इंदौर में दूषित पानी से हुई मृत्यु के कारण भाजपा सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ जमकर सभी ने हल्ला बोल अर्थी भी निकाल दी, और कार्यक्रम मे युवक कांग्रेस के द्वारा पुतला भी जलाया. जब कार्यक्रम के संयोजक दिलीप गोस्वामी से हमने बात की तो उन्होंने बताया कि आज पूरे प्रदेश में एक आक्रोश है भाजपा की नीतियों के खिलाफ और कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ भाजपा मंत्री की जिस प्रकार की भाषा थी मीडिया के लिए, वह अशोभनीय थी, इतनी बड़ी घटना पर दुख व्यक्त करने की बजाय नेता खींसे निपोरते दिखे, जिसको लेकर गजानंद तिवारी के निर्देश पर पूरे प्रदेश सहित इटारसी में विरोध प्रदर्शन किया गया.

संकल्प फाउंडेशन ने मैराथन दौड़ का किया आयोजन

पिपरिया संकल्प फाउंडेशन ने मैराथन दौड़ के साथ नये वर्ष का स्वागत कर युवाओं के संग पूर्व सैनिक एवं समाजसेवी दौड़े। संकल्प फाउंडेशन के द्वारा 12 किलोमीटर की मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस मैराथन दौड़ में संकल्प फाउंडेशन के सैकडो विद्यार्थियों के साथ नगर के पूर्व सैनिक व समाजसेवी भी शामिल हुए। इस दौड़ में छात्राओं ने भी भाग लिया।

आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण

माखन नगर संयुक्त संचालक महिला बाल विकास नर्मदा पुरम द्वारा परियोजना माखन नगर सेक्टर सांगा खेड़ा खुर्द के सांगा खेड़ा खुर्द आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 और 3 का निरीक्षण किया गया कार्यकर्ता सहायिका और बच्चे उपस्थित पाए गए सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र सांगा खेड़ा खुर्द क्रमांक 3 पर मरम्मत कार्य जारी है महोदय द्वारा कार्य की समीक्षा की गई केंद्र पर टीवी लगा पाया गया केंद्र पर वर्तन की किट और खिलौने की किट उपलब्ध पाई गई योजनाओं की समीक्षा की गई कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित न रहे, पोषण ट्रेकर के डाटा की जानकारी कार्यकर्ता से ली गई महोदय द्वारा कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया है कि आंगनबाड़ी केंद्र की पुताई कार्य करवा ले. दोनों केदो पर सुंदर पोषण वाटिका लगी पाई गई निरीक्षण के दौरान सेक्टर पर्यवेक्षक प्रीति वर्मा भी उपस्थित रही है.

दूषित पानी **महापौर, पार्षद और मंत्री की जवाबदेही तय कर बर्खास्त करने की मांग की**

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन

नवभारत न्यूज

सोहागपुर, 02 जनवरी 2025 युवा कांग्रेस के आवाहन पर सोहागपुर में कांग्रेस कमेटी एवं युवा कांग्रेस कार्यकर्ता द्वारा गत दिनों इंदौर में नगर-निगम की लापरवाही से वहां के रहवासियों को ड्रेनेज (दूषित) पानी सप्लाई किया गया।

दूषित और जहरीला पानी पीकर वहां की महिलाएं, पुरुष, छोटे-छोटे बच्चे बीमार हो गए। यहां तक की 15 लोगों की मौत भी हो गई और लगभग 500 से अधिक लोग आज भी अस्पताल में भर्ती हैं, जो जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। जबकि वहां का पार्षद महापौर और प्रदेश के स्थानीय शासन मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय सब के सब भाजपा

के ही जन-प्रतिनिधि हैं। उक्त घटित घटना के संदर्भ में जब मीडिया के लोग मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से सवाल पूछते हैं तो मंत्री अपनी जिम्मेदारी से बचते हुए उलटे झल्लाकर मीडिया के साथ ही अशोभनीय भाषा और उनसे दुर्व्यवहार करते हैं। साथियों इंदौर के भागीरथपुरा की घटना अत्यंत ही असंवेदनशील है, जिसने अनेक जानें ली हैं। युवा कांग्रेस इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। सोहागपुर युवा कांग्रेस द्वारा असंवेदनशील, अमर्यादित और अशोभनीय भाषा का उपयोग करने वाले स्थानीय शासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया । साथ ही महापौर, पार्षद और मंत्री की जवाब देही तय कर उन्हें बर्खास्त करने की मांग की गई ।,

पुतला दहन में ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष सुधीर सिंह ठाकुर,नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत जायसवाल,गजेंद्र चौधरी, मंजेश पटेल ,नीरज चौधरी ,प्रशांत मालवीय ,जलज शर्मा,अर्पित तिवारी, ऋषभ दीक्षित,आजाद सिंह पटेल (सरपंच),कार्तिक शर्मा, अजय ठाकुर,अंकित पटेल, सचिन श्रोती,इरफान ख़ान, प्रतीक तिवारी,नीरज पटेल, आशीष मालवीय सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी

इश्तहार / प्रेस विज्ञप्ति

रा0प्र0क्र0 0091 अ-20 (3) वर्ष 2025-26

आम जनता को इस इश्तहार प्रेस मुनादी के जरिये सूचित किया जाता है आवेदिका अर्चना सिंथिया गौर पुत्री स्व0 दयाल सिंह गौर निवासी देशबंधुपुरा इटारसी तहसील इटारसी ने इस आशय का आवेदन पत्र अर्न्तगत धारा 109,110 म0प्र0भू0रा0 संहिता 1959 प्रस्तुत कर अवगत कराया कि नगर नजूल शहर इटारसी की नजूल शीट नं0 05 प्लाट नं0 1/21 स रकबा 1137.25 40फु0 भूमि जो नजूल अभिलेख में आवेदिका की माताजी श्रीमति शालिनी गौर पत्नि श्री दयाल सिंह गौर के नाम दर्ज है। आवेदिका की माताजी श्रीमति शालिनी गौर का स्वर्गवास दिनांक 14/09/2020 को इटारसी में हो गया है एवं आवेदक के पिता दयाल सिंह गौर आ0 रामदयाल गौर का स्वर्गवास दिनांक 08/07/2011 को इटारसी में हो गया है। आवेदक की माताजी एवं पिताजी के स्वर्गवास उपरांत उनके विधिक वारसानों में आवेदिका स्वयं एवं दो बहनें साधना गौर पुत्री स्वा0 दयाल सिंह गौर, शोभना पवार पुत्री स्व0 दयाल सिंह गौर पत्नि श्री सुभाष पवार एवं भाई संजय सिंह गौर आ0 स्व0 दयाल सिंह गौर निवासी इटारसी है। आवेदिका अपने माता-पिता के स्वर्गवास उपरांत नजूल अभिलेख में वारसान हक में विधिक वारसानों का नाम दर्ज कराना चाहती है। अतः आवेदिका द्वारा उक्त वर्णित भूमि पर फौती आधार पर वारसान हक में नजूल अभिलेख में नाम दर्ज किये जाने का अनुरोध किया है। आवेदक के उक्त आवेदन पर जनसामान्य को कोई आपत्ति या कोई दावा प्रस्तुत करना हो तो वह प्रकरण के सुनवाई दिनांक 07/01/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय अवधि में दावा या आपत्ति पेश न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर आदेश पारित किया जावेगा।

नोट :- नियत तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में प्रकरण की कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में होगी.

नजूल अधिकारी, इटारसी